जल है जीवन !

स्वच्छता प्राण !!

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प" चतरा

जतराहीबाग, चतरा – 825401 फोन नं० : 06541 – 254233

Email : eedwsd.chatra01@gmail.com

पत्रांक...164....                                                                 दिनांक...20.09.2025

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, चतरा।

सेवा में,

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
चतरा।

**विषय** **संविदा आधारित नियुक्ति संबंधित आवश्यक सूचना का प्रकाशन करने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक संविदा आधारित नियुक्ति संबंधीत आवश्यक सूचना का प्रकाशन राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर तीन-तीन हिन्दी एवं अंग्रेजी के समाचार पत्रों में करने हेतु सूचना का हॉर्ड एवं सॉफ्ट कॉपी संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि इस संविदा आधारित नियुक्ति संबंधीत आवश्यक सूचना को राज्य से प्रकाशित होने वाले लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों के एक-एक अंक में प्रकाशित करावाने की व्यवस्था की जाय।

**अनु०-(1) सी०डी०-01 अदद्।**

**(2) सूचना की एक प्रति।**

विश्वासभाजन

ह०/-

कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, चतरा।

ज्ञापांक...164........                                                          दिनांक...20.09.2025.

**प्रतिलिपि** District Information Officer, NIC, Collectorate, Chatra को सूचनार्थ समर्पित। निदेशानुसार उक्त नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप (Scanned Signed Copy) (संलग्न) को जिला के Website – www.chatra.nic.in पर Upload कराना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रतिलिपि** उप विकास आयुक्त-सह-जिला नोडल पदाधिकारी, SBM-G, चतरा को सूचनार्थ समर्पित।

**प्रतिलिपि** उपायुक्त, चतरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

20/9/2025

कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, चतरा।

20/09/25



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

## लेखापाल के पद पर संविदा पर नियुक्ति संबंधित विज्ञापन एवं सूचना

**(विज्ञापन संख्या–01/2025)**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। केन्द्र सम्पोषित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) हेतु जारी दिशा–निर्देश के आलोक में निरूपित योजना के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तर पर 01 अदद् लेखापाल के सृजित पद के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है।

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत जिला स्तर पर कार्य करने वाली संस्थागत संरचना DWSC के कार्य हेतु संविदा पर नियुक्ति विभागीय सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार के आदेश संख्या SBM(G)/नियुक्ति (लेखापाल)–308/2022–206 दिनांक 22.03.2022 एवं संयुक्त सचिव–सह–संयुक्त निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड राँची के पत्र संख्या SBM(G)/नियुक्ति (लेखापाल)–308/2022–216 दिनांक 23.03.2022

| क्र॰ सं॰ | आवेदित पद | पद संख्या | योग्यता | परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखापाल | 01 अदद् (अनारक्षित) | **अनिवार्य योग्यता–**<br>❖ सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से B.COM (50%) अंक से उत्तीर्ण हो, आवेदन समर्पित कर सकेंगे।<br>**कार्य अनुभव–**<br>❖ Accounts के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्षो का कार्य से संबंधित अनुभव होना आवश्यक है।<br>**Computer Knowledge/Experience–**<br>❖ Proficient in MS Office (Word, Excel, Power Point) Should be able to work over spreadsheet, Basic MIS Skill. | रूपये 20,000/– (बीस हजार) मानदेय प्रतिमाह |

Scanned with OKEN Scanner

2. **आयु सीमा** – आवेदकों के लिए 01.08.2025 के आधार पर न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित आयु सीमा के अनुसार निम्नवत् होगी।

| | | दिव्यांग जनों के लिए |
|---|---|---|
| (क) अनारक्षित | – 35 वर्ष | – 45 वर्ष |
| (ख) महिला (अनारक्षित/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग) | – 37 वर्ष | – 47 वर्ष |
| (ग) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (महिला एवं पुरूष) | – 40 वर्ष | – 50 वर्ष |

**वर्त्तमान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अन्तर्गत कार्यरत कर्मियों के लिए अधिकतम उम्र 55 वर्ष होगी।**

3. राष्ट्रीयता – आवेदक भारत का नागरिक हो।

4. आरक्षण – कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के द्वारा पदों के आरक्षण के संबंध में शारीरिक विकलांग कोटि के लिए क्षैतिज आरक्षण का अनुपालन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत अद्यतन परिपत्र के अनुसार किया जाएगा।

   स्थानीय नीति का अनुपालन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के द्वारा इस संबंध में निर्गत अद्यतन परिपत्र का सख्ती से अनुपालन किया जाएगा।

5. लेखापाल के पद पर चयन पूर्णतः संविदा के आधार पर प्रारंभिक चरण में अनुबंध एक वर्ष के लिए किया जाएगा। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले वर्ष हेतु अनुबंध का नवीनीकरण किया जा सकेगा। चयनित व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार पर कोई दायित्व नहीं होगा।

6. आवेदन प्राप्ति की तिथि – इच्छुक उम्मीदवार सभी वांछित शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ विहित प्रपत्र में भरकर सिर्फ Email: recruitmentsbmgctr@gmail.com पर दिनांक 15.10.2025 समय 05:00 बजे अपराह्ण तक भेजा जाना अनिवार्य होगा तत्पश्चात स्वीकार नहीं होगा।

7. मेधा सूची का प्रकाशन – प्रारंभिक मेधा सूची का प्रकाशन chatra.nic.in पर किया जायेगा।

8. लेखापाल के पद के अन्तर्गत मार्किंग हेतु शैक्षणिक योग्यता का Weightage मापांक 40 प्रतिशत, लिखित परीक्षा का Weightage मापांक 20 प्रतिशत संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव का Weightage

Scanned with OKEN Scanner

मापांक 15 प्रतिशत, DW&SD में वर्त्तमान कार्य अनुभव का Weightage मापांक 10 प्रतिशत एवं साक्षात्कार/दक्षता मूल्यांकन का Weightage मापांक 15 प्रतिशत होगा।

9. आवेदन पत्र का प्रारूप की विस्तृत विवरणी **chatra.nic.in** पर देखा जा सकता है।

10. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

11. वांछित सभी प्रमाण पत्रों की जाँच की जायेगी, गलत पाये जाने पर नियमसंगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

12. चयन समिति को किसी भी उम्मीदवार की पात्रता को स्वीकार एवं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

13. किसी भी प्रकार की कानूनी विवाद का निपटारा माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड राँची के क्षेत्राधिकारी में होगा।

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, चतरा।

Scanned with OKEN Scanner

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), चतरा

## आवेदन प्रपत्र

| 1. सामान्य जानकारी – | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आवेदित पद का नाम | लेखापाल, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) | | | फोटो |
| आवेदक का नाम | | | | |
| आवेदक के पिता का नाम | | | | |
| आवेदक का वर्त्तमान पता | | | | |
| आवेदक का स्थानीय पता (स्थानीय नीति के अन्तर्गत आने हेतु अंचल/अनुमण्डलीय पदाधिकारी के स्तर से निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र की जानकारी दें) | | | | |
| जन्म तिथि एवं उम्र | | | | |
| आवेदक का आरक्षण/श्रेणी/वर्ग | अनुसूचित जाति | ◯ | अनुसूचित जनजाति | ◯ |
| | अन्य पिछड़ा वर्ग | ◯ | सामान्य | ◯ |
| मोबाईल संख्या/फोन नम्बर | | | | |
| ईमेल आई0डी0 | | | | |
| लिंग | पुरूष | ◯ | स्त्री | ◯ |

## 2. आवेदक की शैक्षणिक योग्यता –

| क्र॰ सं॰ | परीक्षा का नाम | बोर्ड/युनिवर्सिटी का नाम | वर्ष | रोल नम्बर/ रोल कोड | कुल प्राप्तांक | परीक्षा का कुल प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | | |
| 2 | इंटरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 5 | अन्य | | | | | | |

## 3. कार्य अनुभव से संबंधित जानकारी –

| क्र॰ सं॰ | कार्यालय/संस्था का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या | धारित पद का नाम | कार्य अवधि | धारित पद में किए गए कार्यानुभव | मानदेय के रूप में प्राप्त कुल वार्षिक राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

**4. भाषा से संबंधित जानकारी –**

| | भाषा | पढ़ना | लिखना | बोलना / संवाद करना | समझाना |
|---|---|---|---|---|---|
| आवेदक भाषा संबंधित विषय की जानकारी दें | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**5. कम्प्यूटर से संबंधित जानकारी –**

**6. अन्य जानकारी –**

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई जानकारी सत्य है तथा किसी भी समय गलत पाये जाने पर मेरे उपर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान –

दिनांक –

आवेदक का हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner